आयोजन एनएमआरसी के कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए किया जागरूक

आपात स्थिति से निपटने के लिए एनएमआरसी है तैयार

ग्रेटर नोएडा, 1 जून (देशबन्धु)। आपात स्थिति से निपटने के लिए नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) के ग्रेटर नोएडा डिपो के सभागार में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.पी. शर्मा, जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. आर.के. गुप्ता, पीएसी की कमांडेंट कल्पना सक्सेना आदि मौजूद रहीं। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने मेट्रो के कर्मचारियों व सुरक्षा बलों को आपदा के समय यात्रियों की सुरक्षा व राहत पहुंचाने के साथ उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के तरीके बताए।

एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पी.डी. उपाध्याय ने बताया कि एनएमआरसी किसी भी तरह के संकट की स्थिति से निपटने में पूरी तरह से सक्षम है। एनएमआरसी के पास आपदा से निपटने के लिए आधुनिक स्तर के उपकरण हैं। कर्मचारियों को इसके लिए समय-समय पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेट्रो प्रणाली के रोलिंग स्टाक, इलेक्ट्रिकल और सिग्नल से संबंधित तकनीकी मुद्दों से निपटने के साथ आग, बम जैसी आपदा से निपटने के बाद तत्काल कैसे राहत पहुंचाई जाए। इस विषय पर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. टीसी गुप्ता ने आपदा के समय या सफर के दौरान हृदयाघात की स्थिति तत्काल उपचार देने के बारे में समझाया।

व्यस्त समय में मट्रो के अंतराल में तीन जून से बदलाव

एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक ने बताया कि व्यस्त समय में एक्वा लाइन मेट्रो पर ट्रेनों के समय अंतराल को कम किया जाएगा। अभी सामान्य रूप से दस मिनट के अंतराल पर मेट्रो का संचालन हो रहा है। उन्होंने बताया कि तीन जून से व्यस्त समय में सुबह आठ बजे से 11बजे व शाम पांच बजे से आठ बजे तक मेट्रो के समय में साढ़े सात मिनट का अंतराल रहेगा। अन्य समय में दस मिनट का अंतराल रहेगा। एक्वा लाइन मेट्रो में दस ट्रेनें दौड़ाई जा रही हैं। आगामी दिनों में मेट्रो के परिचालन में साढ़े सात मिनट का अंतराल शुरू होने के बाद यह संख्या बढ़कर 13 हो जाएगी। प्रतिदिन ये ट्रेनें करीब 221 फेरे लगाएंगी।

इस रूट पर कुल 21 स्टेशन हैं। एनएमआरसी सोमवार से शनिवार तक सुबह छह बजे से रात दस बजे तक अपनी ट्रेनों का संचालन करता है। रविवार को परिचालन सुबह आठ बजे से रात दस बजे तक किया जा रहा है। एक्वा लाइन मेट्रो ने यात्रियों को लुभाने के लिए किराए के स्लैब में बदलाव की घोषणा की है। मौजूदा समय में न्यूनतम किराया दस रुपए व अधिकतम किराया 50 रुपए है।